II – 157
C. J.

Witness No ........01. ........ for ...........बचाव साक्षी ................. Deposition taken

the .....08/08/2026 ..... day of .शनिवार........ Witness's apparent age ...19 वर्ष ........

States on affirmation ....... शपथपूर्वक ....... my name is ...........श्रीमती साधना यादव....

wife/ of ... श्री शिवा यादव .....cupation .........गृहिणी ......................................

address साकिन– जांजगीर, थाना–जांजगीर, जिला– जांजगीर–चांपा (छ.ग.)

---

समयः04.50 बजे–

**मुख्य परीक्षण द्वारा श्रीमती चोलेश्वरी वैष्णव अधिवक्ता –**

**01–** प्रार्थी विष्णु यादव मेरा सगा मामा है । शिवा यादव और मेरा पिछले दो वर्षों से प्रेम संबंध था । जब भी शिवा यादव गली से गुजरता था तो शिवा यादव को मेरा मामा उसे मारने की धमकी देता था । दिनांक 22 जनवरी 2022 को रात में लिंक रोड से शिवा यादव गुजर रहा था तो मेरे मामा शिवा यादव को पहले से गाली दिया तो शिवा यादव बोला की गाली क्यों दे रहे हो तो मेरे मामा और राघव यादव, विष्णु यादव, सोनू यादव आदि लोग मिलकर शिवा यादव को मारे थे । उनकी मारपीट से शिवा यादव बेहोश हो गया था । शिवा यादव के घर वाले शिवा यादव को अस्पताल लेकर गये ।

**02–** प्रार्थी विष्णु यादव का उंगली टूटा हुआ है और वह पूर्व से एक्सीडेंट से टुटा हुआ है । जिसकी शिकायत शिवा यादव की मां उत्तरा बाई ने करायी थी । इससे पहले भी शिवा यादव एवं उसके पूरे घर वालों को मेरे मामा विष्णु यादव और उसके अन्य साथी लोगों ने मारपीट किये थे उक्त मारपीट से आहत शिवा यादव को बिलासपुर रिफर किया गया था । उसके बाद ईलाज के बाद 02–03 दिन बाद वापस शिवा यादव आया । जब शिवा यादव केस करने जा रहा था तो मेरे मामा विष्णु यादव शिवा से हाथ जोड़ कर माफी मांगा था और कहा कि केस मत करो । मेरी शादी 09 जुलाई 2025 को शिवा यादव के साथ हुयी है ।

**टीप:– न्यायालयीन समय समाप्त होने के कारण से साक्षी का प्रतिपरीक्षण स्थगित किया गया ।**

समय 05.00 बजे

साक्षी को पढकर सुनाया, समझाया गया

सही होना स्वीकार किया गया । मेरे निर्देश पर टंकित ।

**सही/–**

**(अंजू कंवर)**

**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी जांजगीर**
**जिला जांजगीर चांपा (छ०ग०)**

**सही/–**

**(अंजू कंवर)**

**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी जांजगीर**
**जिला जांजगीर चांपा (छ०ग०)**

साक्षी का हस्ताक्षर .......................